Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 13-03-2006

Participants : Chauhan Shri Nihal Chand

an>

Title : Issue regarding loss being incurred by farmers of Rajasthan on account of the share of river water of the State not being released by Punjab.

श्री निहाल चन्द (श्रीगंगानगर) : अध्यक्ष महोदय, आपने मुझे शून्य-काल में बोलने का अवसर प्रदान किया, इसके लिए आपको बहुत-बहुत धन्यवाद।

महोदय, राजस्थान प्रदेश कृाि प्रधान है। पूरा का पूरा प्रदेश कृाि पर आधारित है। 1981 से पहले, जब इंदिरा गांधी नहर बनी नहीं थी, तब सिंचाई हेतु जल का प्रयोग करने के संबंध में राजस्थान और पंजाब में एक समझौता हुआ था। उस समझौते में यह कहा गया था कि 0.6 एम.ए.एफ. पानी राजस्थान को पूरी इंदिरा गांधी नहर बनने के बाद दे दिया जाएगा, लेकिन 1981 के बाद, आज तक पह पानी राजस्थान को नहीं मिला है। इसके कारण राजस्थान के किसानों को बहुत नुकसान हो रहा है। वर्तमान में डैम में 1301 फीट पानी है, लेकिन पंजाब, राजस्थान प्रदेश को पानी नहीं दे रहा है। इससे पहले भी पानी की मात्रा कम हुई थी। मेरी आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से विनती है कि समझौते के अनुसार पंजाब से, राजस्थान प्रदेश को पानी दिलाए।

अध्यक्ष महोदय, बी.बी.एम.बी. में सदस्यों की नियुक्ति प्रदेशों से रोटेशन के आधार पर होती है। हरियाणा और पंजाब से रोटेशन के आधार पर नियुक्ति की जा चुकी है। ...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय : आपने यह मामला पहले भी उठाया था। ...(व्यवधान)

डॉ. रतन सिंह अजनाला (तरनतारन) : अध्यक्ष महोदय, हम पानी दे रहे हैं। ...(व्यवधान)

श्री निहाल चन्द : अध्यक्ष महोदय, ये हमें पानी नहीं दे रहे हैं। ...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय : आप लोग नहीं मानते हैं। उनकी बात नहीं मानी है। यह रिकॉर्ड में आ गया है। यह बहुत दुख की बात है। स्टेट वर्सेस स्टेट नहीं होना चाहिए।

...(व्यवधान)

श्री निहाल चन्द : अध्यक्ष महोदय, बी.बी.एम.बी. में सदस्य रोटेशन के आधार पर बनते हैं। हरियाणा और पंजाब से सदस्य बन चुके हैं और अब राजस्थान की बारी है। मेरी आपके माध्यम से केन्द्र से प्रार्थना है कि वह सदस्य की नियुक्ति राजस्थान प्रदेश से करे। मेरा सिर्फ यही निवेदन है कि डैम में 1301 फीट पानी है। उसे घटाकर राजस्थान को पानी दिया जाए। धन्यवाद। …(व्यवधान)

श्री भँवर सिंह डांगावास (नागौर) : अध्यक्ष महोदय, पंजाब, राजस्थान को पानी नहीं दे रहा है। पूरा पानी बहकर पाकिस्तान जा रहा है, लेकिन राजस्थान प्रदेश को नहीं दिया जा रहा है। …(व्यवधान)

MR. SPEAKER: No cross talks, sorry. प्लीस क्रॉस टॉक्स न करें। यह क्या बात है ? मैंने आप लोगों को अपनी-अपनी बात कहने का पूरा-पूरा मौका दिया। कृपया आप बैठिए।